# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (18.05.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:18.05.2025, PAGE-06

### मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, पूर्वी और पश्चिम चंपारण में बनेंगे केंद्र

# वोकेशनल की प्रवेश परीक्षा पांच को, कल से आवेदन

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा पांच जून को होगी। 19 मई से आवेदन के लिए पोर्टल खुल जायेगा। इसकी जानकारी बीआरएबीयू की सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि 30 जून तक छात्र ऑनलाइन आवेदन विवि के पोर्टल पर कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए एक ही विकल्प दिया जायेगा। यानी छात्र बीसीए या बीबीए दोनों में से कोई एक ही विषय में नामांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। सर्टिफिकेट कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। परीक्षा के लिए पांच जिलों में केंद्र बनाये जायेंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, पूर्वी और पश्चिम चंपारण मिलाकर एक केंद्र बनाया जायेगा। सीसीडीसी ने बताया कि आवेदन करते समय छात्रों को पूर्ववर्ती कक्षा के अंकपत्र, जाति प्रमाणपत्र और आधार कार्ड का नंबर अपलोड करना होगा। अगर छात्र स्नातक के लिए आवेदन कर रहा है तो उसे 12वीं का अंकपत्र और पीजी के लिए आवेदन कर रहा है तो उसे स्नातक का अंकपत्र अपलोड करना होगा।

**आठ जून को जारी होगा रिजल्ट** : सीसीडीसी ने बताया कि वोकेशनल प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट आठ जून को जारी किया जायेगा।

परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। प्रवेश परीक्षा 100 नंबर की होगी। परीक्षा में 50 सवाल पूछे जायेंगे। सारे सवाल 12वीं स्तर के होंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र क्वांटिटिव एप्टीट्यूड, लॉजिकल रिजनिंग, वर्बल कम्युनिकेशन और जीके की तैयारी कर लें। सीसीडीसी ने बताया कि आठ जून को रिजल्ट आने के बाद 15 से 30 जून तक एडमिशन होगा और 1 जुलाई से कक्षा शुरू होगी। प्रवेश परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 3 जून को छात्र विवि की वेबसाइट से अपलोड कर सकते हैं।

**एक ही जिले का कॉलेज चुन सकेंगे छात्र :** सीसीडीसी ने बताया कि वोकेशनल कोर्स में आवेदन करने वाले छात्र एक ही जिले के कॉलेज में नामांकन का विकल्प दे सकेंगे। अगर छात्र मुजफ्फरपुर का विकल्प पोर्टल पर डालेंगे तो सिर्फ मुजफ्फरपुर जिले के ही कॉलेज खुलकर आयेंगे।



- छात्र 30 जून तक कर सकेंगे आवेदन
- एक ही विषय में आवेदन का मिलेगा विकल्प

### प्राचार्य नियुक्ति की कवायद शुरू

**मुजफ्फरपुर ।** राजभवन से दिशा निर्देश आने के बाद बीआरएबीयू में प्राचार्यों की पोस्टिंग की कवायद शुरू हो गई है।

रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने बताया कि राजभवन के आदेश की कॉपी का अध्ययन कर उसके अनुसार प्रक्रिया की जायेगी। राजभवन ने प्राचार्यों की पोस्टिंग के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। यह कमेटी लॉटरी सिस्टम से प्राचार्यों की पोस्टिंग करेगी। बीआरएबीयू में 23 नये प्राचार्यों की पोस्टिंग होनी है। राजभवन ने पोस्टिंग के लिए अपना प्रतिनिधि भी नियुक्त कर दिया है। जेपी विवि छपरा की हिन्दी की प्राध्यापक प्रो. रुखसाना खातून को प्रतिनिधि बनाया है।

**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 18.05.2025, PAGE-10


# पीएचडी का सत्र नियमित करने के लिए दो सत्र में एक साथ नामांकन

## जून में परीक्षा की संभावना, समय से रिजल्ट देने की तैयारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीएचडी का सत्र नियमित करने के लिए एक साथ दो सत्र की नामांकन प्रक्रिया पूरा करने की योजना है। पैट 2023 और 2024 को एक साथ मर्ज कर पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। जून महीने में परीक्षा होने की संभावना है। पैट 2023 के लिए पिछले साल ही आवेदन हुआ था, लेकिन अब तक परीक्षा नहीं हो सकी है। अब दोनों सत्र की परीक्षा एक साथ कराकर रिक्त सीटों के अनुसार रिजल्ट जारी करने का प्रस्ताव तैयार किया है।

कुलपति से सहमति के बाद आवेदन के लिए पोर्टल खुलेगा। शोध की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद भी सत्र बेपटरी है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग समय पर परीक्षा और रिजल्ट देने में विफल साबित हो रहा है। हालात यह कि समय पर परीक्षा और रिजल्ट नहीं होने से सत्र बेपटरी हो रहा है। पैट 2022 के शोधार्थियों के शोध प्रस्ताव पीजीआरसी से स्वीकृत कराए जा रहे हैं। पिछले साल ही पैट 2023 के लिए आवेदन लिया गया, लेकिन अब तक परीक्षा नहीं हो सकी।

**2023** के लिए भरे गए आवेदन की अब तक नहीं हुई परीक्षा

**2022** के शोधार्थियों के शोध प्रस्ताव पीजीआरसी से हो रहे स्वीकृत

# स्नातक में नामांकन के तीन दिन में आए करीब 20 हजार आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : सीबीएसई इंटर का रिजल्ट आने के बाद स्नातक के लिए तीन दिन में करीब 20 हजार आवेदन आए हैं। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2025-29 के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 मई तक आवेदन की तिथि विस्तारित की है। शनिवार तक 1.27 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से पहले 15 मई तक पोर्टल खोला गया था। 14 मई तक 1.07 लाख आवेदन हुए थे। 140 से अधिक कालेजों में दो लाख से अधिक सीटें हैं। विद्यार्थियों को एक ही जिले में सभी कालेजों का विकल्प देने को कहा गया है। हालांकि शिवहर में एक ही कालेज है, जिसके कारण यहां के विद्यार्थी सीतामढ़ी जिले के कालेज को भी चुन सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की मानें तो जून में नामांकन प्रक्रिया पूरी होगी।

---

इस बीच विश्वविद्यालय ने पीजी सत्र 2022-24 का फाइनल रिजल्ट भी जारी कर दिया है। वहीं, यूजीसी नेट क्वालिफाई छात्र भी दो सत्र की नामांकन प्रक्रिया एक साथ कराने का अनुरोध कर रहे थे। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय स्तर से सहमति बन गई है। दोनों सत्र की सीट मर्ज कर पीएचडी नामांकन टेस्ट आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया है। वहीं इसको लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा कि अगले सप्ताह से पोर्टल खोलने की तैयारी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:18.05.2025**
**PAGE-10**

## वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए कल से 30 तक करें आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने विभिन्न कालेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में नामांकन को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। 19 मई से केंद्रीकृत आनलाइन आवेदन होगा। विद्यार्थी 30 मई तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। पांच जून को प्रवेश परीक्षा होगी। 15 जून से कालेजों में नामांकन होगा। कालेज 30 जून तक नामांकन रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेजेंगे। एक जुलाई से नए सत्र की कक्षाएं शुरू होंगी।

सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह की मानें तो वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए पहली बार केंद्रीकृत आवेदन व प्रवेश परीक्षा ली जा रही है। 19 से 30 मई तक का समय दिया गया है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन का शुल्क 600 रुपये तय किया गया है। उधर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है। आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को कालेजों का विकल्प देना होगा। इसमें किसी एक ही जिले के कालेज का विकल्प देंगे। प्राथमिकता पर एक जिले के सभी कालेजों का विकल्प दे सकते हैं। बेतिया, बगहा, मोतिहारी, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर व मुजफ्फरपुर के विभिन्न कालेजों में दो दर्जन से अधिक वोकेशनल कोर्स चल रहे हैं। प्रवेश परीक्षा दो घंटे की होगी। इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:18.05.2025, PAGE-04

## वोकेशनल. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने जारी किया कैलेंडर

# वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए कल से आवेदन, 30 तक ही मौका

- **पांच** जून को होगी प्रवेश परीक्षा, 15 से नामांकन प्रक्रिया
- एक जुलाई से चलेगी कक्षाएं, विश्वविद्यालय ने की तैयारी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने विभिन्न कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए कैलेंडर तैयार कर लिया है.19 मई से केंद्रीकृत ऑनलाइन आवेदन होगा. 30 मई तक विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे.पांच जून को प्रवेश परीक्षा होगी.परिणाम जारी होने के बाद 15 जून से कॉलेजों में नामांकन होगा.

**30 तक देनी होगी रिपोर्ट** : 30 जून तक कॉलेजों को आवंटित विद्यार्थियों के नामांकन की रिपोर्ट विवि को देनी है.एक जुलाई से नये सत्र की कक्षाएं शुरू हो जायेंगी.सीसीडीसी प्रो मधु सिंह ने बताया कि वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए पहली बार केंद्रीकृत आवेदन व प्रवेश परीक्षा ली जा रही है.19 से 30 मई तक का समय दिया गया है.

**वेबसाइट पर दें आवेदन**:विवि की वेबसाइट (brabu.net) पर जाकर विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं.बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए दो या तीन दिन पूर्व एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा.परीक्षा केंद्र विवि का परिसर होगा या विभिन्न जिलों में केंद्र बनाये जायेंगे.इसपर एक-दो दिनों में निर्णय लेंगे. बता दें कि बेतिया, बगहा, मोतिहारी, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर व मुजफ्फरपुर के विभिन्न कॉलेजों में दो दर्जन से अधिक वोकेशनल कोर्स संचालित हो रहे हैं.

- वेबसाइट पर भी यह खबर पढ़ सकते हैं. इसे स्कैन करें.

### एक ही जिले के कॉलेजों का विकल्प

ऑनलाइन आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को कॉलेज का विकल्प देना होगा. इसमे किसी एक ही जिले के कॉलेजों का विकल्प दिया जा सकता है. सीसीडीसी ने बताया कि उदाहरण के लिए सीतामढ़ी का कोई छात्र मुजफ्फरपुर के कॉलेज मे दाखिला लेना चाहता है तो उसे मुजफ्फरपुर के ही कॉलेजों का विकल्प देना होगा. जैसे ही पहला विकल्प चुनेगा, उसके बाद सिर्फ मुजफ्फरपुर से जुड़ी कॉलेजों का ही विकल्प उसे मिलेगा. प्राथमिकता के आधार पर एक जिले के सभी कॉलेजों का विकल्प दे सकते हैं.

### दो घंटे की परीक्षा और होंगे 50 सवाल

प्रवेश परीक्षा दो घंटे की होगी.सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा ली जायेगी.दो घंटे मे विद्यार्थियों को 50 प्रश्नों का उत्तर देना होगा. सीसीडीसी ने बताया कि प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित हैं. निगेटिव मार्किंग नही की जायेगी.परीक्षा के बाद कार्बन कॉपी नही मिलेगी.परीक्षा मे अंग्रेजी, लॉजिकल रिजनिंग, सामान्य ज्ञान व गणित से कुल 50 प्रश्न पूछे जायेंगे. प्रश्नों का स्तर इंटर तक का होगा. ऑनलाइन आवेदन का शुल्क 600 रुपये निर्धारित किया गया है.

### इन कोर्स के लिए करें आवेदन

विवि की ओर से स्वीकृत वोकेशनल कोर्स मे दाखिले के लिए आवेदन का विकल्प मिलेगा. पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्युटर एप्लीकेशन (पीजीडीसीए), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन हिंदी जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (पीजीएचजेएमसी), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन यौगिक स्टडीज (पीजीडीवाईएस), पीजी डिप्लोमा इन बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस, पीजी डिप्लोमा इन क्रिमिनोलॉजी, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), बैचलर ऑफ कंप्युटर एप्लीकेशन (बीसीए), बैचलर ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशियन एंड डाइटेटिक्स (सीएनडी), बैचलर इन इंडस्ट्रियल माइक्रोबॉयोलॉजी, बैचलर इन बॉयोटेक्नोलॉजी, बैचलर इन इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री, बैचलर इन इंडस्ट्रियल फिश एंड फिशरीज, बैचलर इन मास कम्युनिकेशन (बीएमसी), पीजी डिप्लोमा इन क्लिनिकल साइकोलॉजी, एमए इन वुमन स्टडीज, एमएससी फिश एंड फिशरीज, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) व मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) कोर्स मे दाखिला लेना है. ये कोर्स विवि के विभिन्न विभागों व कॉलेजों मे संचालित हो रहे हैं.